*संपादकीय*

# एचएमपीवी वायरस की दहशत

कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला।

दूसरा आठ महीने का शिशु इससे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों से पता चला गंभीर तीव्र सन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई।

सरकार की संक्रमण के मामलों पर गंभीर नजर बताई जा रही है। कोविड-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के पांच सालों बाद एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आ गई।

एचएमपीवी संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है। संक्रमित के खांसने-छींकने, छूने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। इस संक्रमण की खोज 2001 में की जा चुकी है। यह रेस्पेरेटरी संकाइटियल वायरस के साथ न्यूमोविरिडे का भी हिस्सा बताई जा रही है। चीन समेत नीदरलैंड, फिनलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में इसके संक्रमित मिल चुके हैं।

भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने वायरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को भी कहा है। विशेषज्ञ इसे अभी जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं जो छोटे बच्चों में आम है। जिन्हें अस्थमा है या फेफड़ों से संबंधी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें चेतावनी दी गई है। इससे बचाव के लिए लगातार हाथ धोने, मास्क पहनने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी जा रही है।

एंटी वायरल दवाएं बगैर चिकित्सकीय सलाह के लेने के प्रति चेतावनी भी दी गई है। कोविड संक्रमण से खौफजदा लोगों में आकस्मिक भय व्याप्त है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी मीडिया और चिकित्सकों को गंभीरता से निभानी चाहिए।

शेयर बाजार का गिरना और कोविड की पुरानी तस्वीरों/वीडियो को वायरल कर दहशत फैलाने वालों को भी चेतावनी दी जानी चाहिए। जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, बेवजह लॉकडाउन लगाने या रोजमर्रा की जरूरी चीजों को जमा करने की सलाह जैसी दहशत फैलाना कतई अनुचित है।

# आ गई हवा में उड़ने वाली टैक्सी, पायलेट समेत 7 पैसेंजर बैठ सकेंगे; लॉन्च डेट आई सामने

**नई दिल्ली**



'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' में देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी को पेश किया गया। इस टैक्सी को 'शून्य' नाम दिया गया है। इस लक्ष्य के लिए प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग फर्म सोना एसपीईईडी ने बेंगलुरु स्थित सरला एविएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने कहा कि ये 250 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से उड़ सकेगी और सिर्फ 20 मिनट की चार्जिंग में एक ट्रिप के लिए तैयार हो जाएगी। शून्य फ्लाइंग टैक्सी से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में ट्रैवल टाइम में काफी कमी आने की उम्मीद है। इसमें पायलट सहित 7 लोग बैठ सकेंगे।

सरला एविएशन भारत के सबसे बेहतरीन इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान विकसित करती है। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सरला एविएशन बूथ का दौरा किया और उडऩे वाली टैक्सी के प्रोटोटाइप में गहरी दिलचस्पी दिखाई और इसे ऐतिहासिक बताया। सोना एसपीईईडी मोटर्स इसरो के कई अंतरिक्ष मिशनों का हिस्सा रही है। यह समझौता सोना एसपीईईडी को देश में अर्बन एयर मोबिलिटी में क्रांति लाने में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करता है।

सोना एसपीईईडी के सीईओ चोको वलियाप्पा ने कहा, यह साझेदारी एयरोस्पेस इनोवेशन के हब रूप में सोना एसपीईईडी के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य साथ मिलकर शहरी परिवहन के लिए एक स्वच्छ, तेज और अधिक कुशल भविष्य को आकार देना है। समझौता ज्ञापन के तहत, सोना एसपीईईडी कर्नाटक में अपनी अत्याधुनिक फैसिलिटी का इस्तेमाल सरला एविएशन के ईवीटीओएल विमान के लिए मोटर और लैंडिंग गियर जैसे क्रिटिकल कम्पोनेंट्स को डिजाइन और निर्माण करने के लिए करेगी।

सरला एविएशन के सीईओ राकेश गांवकर ने कहा, इंजीनियरिंग में सोना एसपीईईडी की विशेषज्ञता इलेक्ट्रिक फ्लाइंग टैक्सियों के लिए हमारे दृष्टिकोण को पूरी तरह से पूरा करती है। यह सहयोग अत्याधुनिक ईवीटीओएल टेक्नोलॉजी के साथ अर्बन मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करने के हमारे मिशन को मजबूत करता है।

यह विकास सस्टेनेबल अर्बन एयर मोबिलिटी में भारत की बढ़ती आकांक्षा को उजागर करता है और इनोवेशन को आगे बढ़ाने में तालमेल के महत्व को दर्शाता है। ईवीटीओएल विमान विकसित करने पर केंद्रित, सरला एविएशन का लक्ष्य तेज, स्वच्छ और अधिक कुशल परिवहन समाधानों के साथ अर्बन मोबिलिटी को बदलना है। कंपनी टेस्ट फ्लाइट्स शुरू करने और अतिरिक्त प्रोटोटाइप विकसित करने की योजना बना रही है, जिसे बाजार में 2028 तक लॉन्च किया जाएगा।

# शादी के बंधन में बंधे भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा, फोटो शेयर कर दी जानकारी

**नईदिल्ली**



भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा शादी के बंधन में बंध गए हैं. नीरज ने रविवार रात सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी. नीरज की शादी में उनके करीबी दोस्तों के साथ रिश्तेदार शामिल हुए. गोल्ड मेडल विनर नीरज की शादी की चर्चा काफी वक्त पहले से चल रही थी. लेकिन इस पर अब मुहर लग गई है. नीरज ने अपनी पत्नी के साथ फोटो शेयर की है.

नीरज ने शादी की तस्वीरों को एक्स पर शेयर किया. उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''जीवन के नए अध्याय की शुरुआत अपने परिवार के साथ की.'' नीरज की शादी में सिर्फ करीबी लोगों को ही इनवाइट किया गया था. उन्होंने कैप्शन के जरिए अपनी वाइफ का नाम भी बताया. नीरज की वाइफ का नाम हिमानी है. वे क्या करती हैं, इसको लेकर अभी जानकारी नहीं मिली है.

नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता था. उनकी यह जीत ऐतिहासिक रही थी. नीरज की इस जीत के बाद उनकी शादी की काफी चर्चा थी. नीरज से कई इंटरव्यू में शादी को लेकर सवाल किया जा चुका था. लेकिन इस पर उन्होंने किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी थी. नीरज कभी भी अपनी होने वाली जीवन साथी को लेकर खुलासा नहीं किया. अब चुपचाप शादी कर ली.

नीरज चोपड़ा भारत के लिए जेवलिन थ्रो में कई मेडल जीत चुके हैं. उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में सिल्वर मेडल जीता था. जबकि इससे पहले टोक्यो ओलंपिक 2020 में गोल्ड मेडल जीता था. नीरज भारत के लिए एशियन गेम्स 2023 में भी गोल्ड जीता था. वे वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 और कॉमनवेल्थ गेम्स 2018 में भी गोल्ड अपने नाम किया था.

# एसए20 में नवीन उल हक ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से लूटी महफिल, 200 की स्ट्राइक रेट से कूटे रन

**नईदिल्ली।** नवीन उल हक इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए हुए ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे. नवीन एक बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं. इसलिए उनका अनसोल्ड रहना क्रिकेट फैंस को हैरान करने वाला था. नवीन ने भी खुद को अनसोल्ड रहने को गंभीरता से ले लिया है. अब वे गेंदबाजी के साथ साथ बल्लेबाजी पर भी फोकस करने लगे हैं. इसकी झलक उन्होंने साउथ अफ्रीका टी 20 लीग में दिखाई है.

साउथ अफ्रीका टी 20 लीग में नवीन उल हक डरबन सुपर जायंट्स की तरफ से खेल रहे हैं. 19 जनवरी को सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के खिलाफ हुए मैच में 10 वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे. उन्होंने 15 गेंद पर 4 छक्के और 1 चौके लगाते हुए 200 की स्ट्राइक रेट से नाबाद 30 रन बनाए. उनकी तूफानी बल्लेबाजी फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गई है. अगर वे ऐसी ही बल्लेबाजी करते रहे तो टी 20 क्रिकेट में उनकी मांग और ज्यादा बढ़ जाएगी क्योंकि हर टीम निचले क्रम में एक ऐसा बल्लेबाज चाहती है जो तेजी से 25 से 30 रन बना सके.

## विश्व आर्थिक मंच 2025 में शामिल होंगे अश्विनी वैष्णव

# बोले दुनिया भारत की आर्थिक नीतियों को समझने के लिए उत्सुक

**नई दिल्ली**

केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) 2025 में भाग लेंगे। रविवार को इसकी घोषणा की गई।

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुसार समावेशी विकास (इंक्लूसिव ग्रोथ) और परिवर्तनकारी विकास



(ट्रांसफोर्मेटिव डेवलपमेंट) को आगे बढ़ाने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दावोस रवाना होने से पहले केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जो समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाएगा।

बैंक खातों के जरिए फाइनेंशियल इंक्लूशन से लेकर शौचालय, गैस कनेक्शन, नल का पानी जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान करने और ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने तक, यह कुछ ऐसा है जिसे दुनिया समझना चाहती है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में समावेशी विकास, सामाजिक, फिजिकल और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश और टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण के बारे में विस्तृत चर्चा होगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, दुनिया भारत की आर्थिक नीतियों, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम द्वारा लाए गए डिजिटल परिवर्तन और समाज के सभी वर्गों के नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए टेक्नोलॉजी के लोकतांत्रिकीकरण के तरीके को समझने के लिए उत्सुक है।

# विराट कोहली के पास है इतिहास रचने का मौका, चैंपियंस ट्रॉफी में बनाने होंगे सिर्फ 263 रन

**नईदिल्ली**



चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है. 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस आईसीसी इवेंट में भारत खिताबी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा. चुनी गई टीम में विराट कोहली का नाम भी शामिल है और आपको बता दें की इस टूर्नामेंट में कोहली के पास एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है.

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेलते नजर आएंगे. एक बार फिर फैंस को उनके बल्ले से बड़ी-बड़ी पारियों की उम्मीद होगी. इस टूर्नामेंट में विराट के पास एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है. जी हां, उनके पास सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने का मौका है.

विराट कोहली मौजूदा समय में चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं. उन्होंने 529 रन बनाए हैं. विराट आगामी टूर्नामेंट में 263 रन बना देते हैं तो, वह क्रिस गेल के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं. गेल चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और वह 791 रन बना चुके हैं.

विराट कोहली इस वक्त खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे थे और वह बाहर की गेंद को छेड़ते हुए बार-बार आउट हुए. कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई टेस्ट सीरीज में खेले गए 5 मैचों में सिर्फ 190 रन बनाए, जो वाकई काफी निराशाजनक था. ऐसे में अब क्रिकेट फैंस यही उम्मीद करेंगे की विराट फॉर्म में आ जाएं और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के लिए अहम पारियां खेलें.

पाकिस्तान की मेजबानी में 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत होने वाली है. हाइब्रिड मॉडल में खेले जाने वाले इस आईसीसी इवेंट में टीम इंडिया अपने सारे मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ही खेलेगी. जहां, रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 दिसंबर को बांग्लादेश के साथ खेलने मैदान पर उतरेगी.

# एसए20: जानसेन की बदौलत सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने डरबन सुपरजायंट्स को 6 विकेट से हराया

**नई दिल्ली**

एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने सेंट जॉर्ज पार्क में डरबन सुपर जायंट्स पर लगातार दूसरी बोनस अंक की जीत के साथ प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया है।

गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत डरबन सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया।

लगातार तीन हार के बाद गत चैंपियन ने निश्चित रूप से वापसी की है और अब वह उस फॉर्म के करीब पहुंच रहे हैं, जिसने उन्हें पिछले दो सत्रों में लगातार एसए20 चैंपियनशिप जीतने में मदद की थी।

पिछले सीजन के सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज मार्को जानसेन (2/23) ने नई गेंद से विशेष प्रदर्शन करके वापसी की थी।

जानसेन ने पारी की दूसरी ही गेंद पर डरबन के सुपरजाइंट्स के सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग को आउट कर दिया।

जानसेन ने कहा, टीम की जीत से मुझे खुशी है। इस समय सब ठीक चल रहा है। पावरप्ले में गेंदबाजी करना आसान नहीं है, मेरे लिए यह विकेट लेने के बारे में है और सब कुछ अपने आप ठीक हो जाता है। मैं लगातार सटीक गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं। हमारे फैंस शानदार हैं और मैं उनके आने की सराहना करता हूं।

जानसेन के अलावा रिचर्ड ग्लीसन (2-19), ओटनील बार्टमैन (2-30) और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन (2-11) ने मेहमान टीम को 115/8 पर रोक दिया।

ग्लीसन अब 14.25 की औसत से आठ विकेट लेकर प्रतियोगिता में विकेट लेने वालों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं।

सुपर जाइंट्स की पारी को न्यूजीलैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी केन विलियमसन (45 गेंदों पर 44 रन) ने संभाला, लेकिन उन्हें तब तक बहुत कम सपोर्ट मिला। सिर्फ अंतिम बल्लेबाज नवीन उल हक ने 15 गेंदों पर नाबाद 30 रन बनाए।

# विक्की कौशल की छावा का नया पोस्टर रिलीज, संभाजी महाराज से जुड़े खास दिन पर ट्रेलर की तारीख का ऐलान




'छावा' के मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। विक्की कौशल अभिनीत इस फिल्म के ट्रेलर की तारीख भी मेकर्स ने साझा की है।

फिल्म का नया पोस्टर एक खास वजह से रिलीज किया गया है। साथ ही क्या है ट्रेलर की तारीख?

फिल्म 'छावा' का पोस्टर इसलिए रिलीज किया गया है क्योंकि 344 साल पहले इस दिन उनका राज्याभिषेक हुआ और एक महान विरासत का आरंभ हुआ। छत्रपति संभाजी महाराज की इसी गौरव गाथा को फिल्म 'छावा' में दिखाया जाएगा। उनके अदम्य साहस की कहानी को सिनेमा के पर्दे पर लाया जाएगा।

मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म 'छावा' को प्रोड्यूस किया है। इसके डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर हैं। फिल्म का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होगा। हाल ही में फिल्म का जो पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया, उसके कैप्शन में इस बात का जिक्र है।

फिल्म 'छावा' के पोस्टर में विक्की कौशल सिंहासन पर बैठे हुए नजर आए रहे हैं। वह मराठा साम्राज्य के इतिहास और गौरव को सिनेमा के पर्दे पर लाने के लिए तैयार नजर आते हैं। इस फिल्म को लेकर विक्की कौशल काफी उत्साहित हैं, उन्होंने संभाजी महाराज की भूमिका को निभाने के लिए काफी मेहनत की है।

# मिथिला पालकर और अमोल पाराशर की स्वीट ड्रीम का एलान, 24 जनवरी से डिज़्नी+ हॉटस्टार पर होगा प्रीमियर



इस महीने सिनेमाघरों में कई फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं। वहीं, ओटीटी पर भी कमी नहीं है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली फिल्मों की लिस्ट में स्वीट ड्रीम्स भी है। अभिनेता मिथिला पालकर और अमोल पाराशर अभिनीत इस फिल्म की रिलीज डेट का मेकर्स ने एलान किया है। यह फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होने जा रही है। आज डिज्नी हॉटस्टार ने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ लिखा है, जहां सपने शुरू होते हैं, वहीं से शुरू होती है केनी और दीया की कहानी! पोस्ट में बताया गया है कि फिल्म 24 जनवरी को दस्तक देगी। इस फिल्म का निर्देशन विक्टर मुखर्जी ने किया है। इसमें मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी हैं। फिल्म को ज्योति देशपांडे, नेहा आनंद और प्रंजल खंधदिया ने प्रोड्यूस किया है।

# साउथ फिल्म मार्को ने रचा इतिहास, बनी ऐसी पहली मूवी, एक-एक सीन पर कांप उठेगी रूह



साउथ सिनेमा फिल्म इंडस्ट्री पर एक बार फिर कब्जा करता दिख रहा है. बॉलीवुड से कंटेंट और एक्शन के मामले में बहुत आगे जा चुका साउथ सिनेमा अब पीछे मुडक़र नहीं देखने वाला है. टॉलीवुड (तेलुगू), कॉलीवुड (तमिल), सैंडलवुड (कन्नड़) और मॉलीवुड (मलयालम) 21वीं सदी में एक से एक धांसू फिल्म दे रहे हैं. इसकी बड़ी शुरुआत एस.एस राजामौली की तेलुगू फिल्म बाहुबली- द बिगनिंग से हुई थी. इसके बाद से साउथ सिनेमा हिंदी पट्टी के दर्शकों के लिए मास एंटरटेनर बन गया है. अब मलयालम सिनेमा की इस फिल्म ने इतिहास रच दिया है. इस फिल्म को देखने के बाद किसी की भी रुह कांप उठेगी.

145 मिनट की इस फिल्म का नाम मार्को है, जिसे महज 30 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है. मॉलीवुड फिल्मों के डायरेक्टर हनीफ अडेनी ने इस फिल्म को लिखा और खुद डायरेक्ट किया है. फिल्म मार्को की सिनेमैटोग्राफी चंद्रू सेल्वराज ने की है. फिल्म रवि बसरूर का म्यूजिक है. बीती 20 दिसंबर 2024 को रिलीज हुई फिल्म मार्को को सेंसर बोर्ड ने मारकाट वाली फिल्म करार दे इसे एडल्ट कैटेगरी (ए) का सर्टिफिकेट दिया था. मलयालम सिनेमा में ए कैटेगरी की मार्को पहली ऐसी फिल्म है, जिसने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है.

फिल्म की स्टारकास्ट में उन्नी मुकुंदन, सिद्दीकी, जगदीश, अभिमन्यू तिलाकन, कबीर दुहान सिंह और अन्सोन पॉल हैं. फिल्म में दिल दिहला देने वाले मारकाट के सीन दिखाए जा रहे हैं, जिसकी वजह से इस फिल्म को बड़ी टीआरपी मिल रही है. मार्को ने बॉक्स ऑफिस पर अपने 28 दिन पूरे कर लिए हैं. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने 4.95 करोड़ रुपये से खाता खोला था. वहीं, फिल्म ने 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है. बॉक्स ऑफिस पर राम चरण की फिल्म गेम चेंजर के बीच मार्को ने यह कमाल किया है. बता दें, आज 17 जनवरी को सिनेमा लवर्स डे के बीच फिल्म की टिकट का दाम 99 रुपये है.


# शब्द सामर्थ्य- 303

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 302 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# सू-दोकू- 303

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंाड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.302 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। भावनाओं में बहकर बिना सोचे-समझे किसी के साथ प्रॉमिस न करें। किसी रिश्तेदार की व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने में आपका योगदान रहेगा। आपको नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। यह समय प्रेम भाव से अपना काम बनाने का है ऐसे में किसी से भी वाद-विवाद करने से बचे। आज किसी भी यात्रा का प्रोग्राम न बनाएं, क्योंकि समय व्यर्थ होने के अलावा और कुछ हासिल नहीं होगा।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दूसरे का विश्वास न तोड़ें। हर काम ईमानदारी से करते रहें। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है।

***कर्क:*** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज जीवन में एक नया दृष्टिकोण लेकर आएंगे, जिससे आपमें सकारात्मक बदलाव आएगा। आर्थिक स्थिति में अच्छे बदलाव रहेंगे। ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपका विरोश कर सकते हैं, सबके साथ ताल-मेल बनाकर रखें।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। दूसरों की बातों में आने की बजाय खुद के विवेक से कम लेना होगा, इससे आप बेहतर निर्णय ले पाएंगे। घर में उचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कामयाब होगी।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक व्यस्तता बनी रहेगी। विभिन्न स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। परंतु किसी भी प्रकार का डिसीजन लेने से पहले उस पर अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें।

***तुला:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता से दूसरो को प्रभावित करेंगे। आज दोस्तों के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं। बस अपने ख़र्चों पर थोड़ी नज़र रखें।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मेहनत और व्यवस्थित रहने से व्यवसायिक समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी। अगर सरकारी काम रुका हुआ है, तो किसी अधिकारी की मदद से पूरा हो जाएगा।

***मकर:*** आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। पिछले कुछ समय से जिन लोगों के साथ आपकी अनबन चल रही है, तो आज दूर हो जाएगी।

***कुंभ:*** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं, इससे समाधान मिलेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे।

***मीन:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग नया व्यापार शुरू किये है या नौकरी जॉइन किये हैं उनके लिए अनुकूल समय है।